## तीसरे दिन ऋद्धिमान साहा की जगह केएस भरत कर रहे विकेटकीपिंग



**कानपुर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। आज मैच का तीसरा दिन है और न्यूजीलैंड की तरफ से टॉम लाथम और विल यंग की सलामी जोड़ी मैदान पर है। तीसरे दिन हालांकि भारत के विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा मैदान पर नहीं उतरे और उनकी जगह केएस भरत को यह जिम्मेदारी सौंपी गई।


आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-291 ● कटनी ● शनिवार, 27 नवम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कृष्ण पक्ष-8 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935




## नए वैरिएंट का नाम ओमिक्रॉन

कोरोना के नए बी.1.1.529 वेरिएंट का नामकरण हो गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इस वेरिएंट का नाम ओमिक्रॉन रखा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शुक्रवार को इस वैरिएंट पर चर्चा के लिए बैठक रखी थी, जहां इस कोरोना के प्रकार को नाम दिया गया। इस कोरोना वैरिएंट का नाम भी ग्रीक अल्फाबेट के आधार पर रखा गया है। इससे पहले दिसंबर 2020 के अंत में दुनियाभर में तबाई मचाने वाला डेल्टा वैरिएंट का नाम भी डब्ल्यूएचओ ने रखा था जिसे चिंता के एक प्रकार के रूप में वर्गीकृत किया गया था।

### 12 देशों के यात्रियों के लिए स्क्रीनिंग जरूरी

भारत में जिन 12 देशों से यात्रियों के लिए स्क्रीनिंग अनिवार्य किया गया है इनमें दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, बांग्लादेश बोत्सवाना, चीन, मॉरीशस, न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे, सिंगापुर, इस्राइल, हांगकांग, ब्रिटेन सहित यूरोप के देश शामिल हैं।

### चिंता का विषय है ओमिक्रॉन

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने शुक्रवार कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर एक बैठक की। इसमें दक्षिण अफ्रीका में बड़ी संख्या में पाए गए एक नए कोविड-19 संस्करण ओमिक्रॉन को चिंता के विषय के रूप में नामित किया है। यह पांचवां वैरिएंट है जिसे नाम दिया गया है।

# फिर खतरे में दुनिया?

## कोरोना पर पीएम मोदी ने बुलाई आवश्यक बैठक



**नई दिल्ली।** कोरोना के नए ओमिक्रॉन वैरिएंट के खतरे के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर रहे हैं। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अलावा कैबिनेट सचिव राजीव गौबा, प्रधानमंत्री के मुख्य सलाहकार पीके मिश्रा, स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल भी मौजूद हैं।

### कोरोना की स्थिति का लेंगे जायजा

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक बैठक में पीएम मोदी देश में कोरोना की स्थिति और टीकाकरण की समीक्षा करेंगे और टीकाकरण की गति बढ़ाने के लिए भी कुछ जरूरी निर्देश दे सकते हैं।

### जारी किया जा चुका है अलर्ट

दक्षिण अफ्रीका में पाए गए कोरोना के नए वैरिएंट के बीच कई देशों ने अपने-अपने देश की हवाई उड़ानों को फिर से प्रतिबंधित कर दिया है। इस बीच भारत में भी अलर्ट जारी किया गया है और नए वैरिएंट के खतरे से बचने के लिए दक्षिण अफ्रीकी देश से आने वाले यात्रियों का गहन परीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि कोरोना का नया वैरिएंट डेल्टा व डेल्टा प्लस से कई गुना ज्यादा संक्रामक है।

### 69 फीसदी नमूनों में मिल चुके हैं

आईसीएमआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ललित कुमार का मानना है कि भारत में पहले से ही 69 फीसदी से अधिक गंभीर वेरिएंट की मौजूदगी है। इसमें सबसे अधिक डेल्टा ही है। ऐसे में अगर यह नया वेरिएंट भारत में प्रवेश करता है तो डेल्टा के साथ इसका मिश्रण कैसा होगा। यह विज्ञान भी अब तक नहीं जान पाया है।

### होम क्वारंटीन नहीं, हवाईअड्डे के आसपास ही रखना जरूरी

नए वेरिएंट को लेकर शुक्रवार को हुई वैज्ञानिकों की उच्च स्तरीय बैठक के बाद एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा कि अभी होम क्वारंटीन पर सबसे अधिक जोर दिया जा रहा है लेकिन इन तीन देश के अलावा संदिग्ध मरीजों को हवाईअड्डे पर ही क्वारंटीन सेवा मिलनी चाहिए, ताकि नए वेरिएंट के प्रवेश को लेकर किसी भी तरह की आशंका नहीं रह सके।

### डेल्टा संग मिला वेरियंट तो गंभीर

भारतीय वैज्ञानिकों की चिंता तेजी से बढ़ गई है। जीनोम सीक्वेंसिंग की निगरानी करने वाले इन्साकॉग का मानना है कि यह नया वेरिएंट बी.1.1.529 अगर डेल्टा से मिश्रित होता है, तो गंभीर संकट के हालात पैदा हो सकते हैं। हालांकि, अभी तक इस मिश्रण के कोई साक्ष्य सामने नहीं आए हैं, भारत में नया स्वरूप प्रवेश नहीं करना चाहिए।

### झारखंड में नक्सलियों का तांडव

## सो रहे मजदूरों को बंधक बनाया, फिर नए पुलिस भवन को बम से उड़ाया



**रांची।** झारखंड में नक्सलियों का तांडव जारी है। गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड स्थित कुरूमगढ़ थाना के नए भवन को नक्सलियों ने बम से उड़ा दिया। नक्सलियों ने सो रहे मजदूरों को पहले बंधक बनाया और फिर बम लगाकर उसे उड़ा दिया। भवन में का एक हिस्सा पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। वहीं, दूसरे भाग में दरारें आ गईं। घटना गुरुवार की रात 12.15 बजे की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, भवन में सात मजदूर निर्माण कार्य के लिए ठहरे हुए थे। नक्सलियों ने पहले मजदूरों को भवन से बाहर निकाला और अपने कब्जे में ले लिया और फिर भवन को करीब 200 किलो विस्फोटक लगाकर विस्फोट कर उड़ा दिया। मजदूरों के अनुसार, नक्सलियों की संख्या करीब 200 थी. घटना के 12 घंटे बाद पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंची। गुमला पुलिस और सीआरपीएफ ने नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। जिस जगह यह वारदात हुई है वहां से महज आधा किलोमीटर दूर पर अस्थायी थाना है। यहां पर झारखंड पुलिस बल के अलावा सीआरपीएफ की कंपनी भी तैनात है। इसके बाद भी नक्सलियों ने पुलिस को चुनौती देते हुए थाना भवन को उड़ा दिया। भवन उड़ाने के बाद नक्सलियों ने मजदूरों को मुक्त कर दिया और चले गए।

### फटाफट खबरें

### एमपी में कक्षा 6 से 8 तक रीशेड्यूल पाठ्यक्रम जारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केंद्र ने कोरोनावायरस संक्रमण की रोकथाम के दौरान पढ़ाई के प्रभावित हो जाने के कारण वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कोर्स में कटौती कर दी है। कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के लिए पुनर्नियोजित पाठ्यक्रम जारी कर दिया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक धनराजू एस द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार कक्षा एक से कक्षा 8 तक के पाठ्यक्रम में क्लास वर्क में 60फीसदी और होमवर्क में 40फीसदी की कटौती की गई है। कटौती के बाद कक्षा एक से कक्षा 5 तक तैयार किए गए कोर्स पूर्व में जारी किए जा चुके हैं। उद्देश्य बच्चों को कक्षा में आकर पढ़ने की आदत जो छूट गई है, उसे ठीक कर लिया जाए।

### सस्ता हुआ टमाटर

**नई दिल्ली।** आम आदमी से लिए अच्छी खबर है कि एक दम से बढ़ने के बाद टमाटर के दाम फिर कम हो गए हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार सुबह टमाटर 35 से 50 रुपए किलो बिका। ओखला थोक सब्जी बाजार के एक टमाटर विक्रेता का कहना है, भारत के कई हिस्सों में भारी बारिश और आयातित टमाटर की अपर्याप्त मात्रा के कारण कीमतें बढ़ गई थीं। आपूर्ति सामान्य होने के साथ अब कीमतें 35 रुपये प्रति किलोग्राम से 40 रुपये प्रति किलोग्राम तक गिर गई हैं। वहीं सरकार को भी उम्मीद है कि दिसंबर में ये दाम और कम हो जाएंगे, क्योंकि तब तक नई फसल आ जाएगी।

### मलिक का दावा: अनिल देशमुख की तरह मुझे भी फंसाना चाहते हैं कुछ लोग

**मुंबई।** एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े और एनसीपी नेता नवाब मलिक मामले में नया मोड़ आ गया है। अब नवाब मलिक ने आरोप लगाया है कि उन्हें झूठे मामले में फंसाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। नवाब मलिक ने न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए बयान में कहा कि उन्हें भी महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख की तरह झूठे मामले में फंसाया जा सकता है।

### तकनीक स्वास्थ्य सेवा का भविष्य बदल देगी

## देश में पहली बार ड्रोन से हुई दवाओं की डिलीवरी



**खासी हिल्स।** भारत में भी ड्रोन से सामानों की डिलीवरी शुरू हो रही है। मेघायल देश का पहला राज्य बना है जहां ड्रोन से सफलतापूर्वक दवाओं की डिलीवरी की गई है। मेघालय के पश्चिमी खासी हिल्स जिले में ड्रोन से दवाओं की डिलीवरी की गई। ड्रोन ने 25 मिनट में 25 किलोमीटर का सफर तय कर इतिहास रच दिया। मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा ने इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेघालय के पश्चिमी खासी हिल्स जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर स्थित एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्रोन के जरिए दवाओं की सफलता पूर्वक आपूर्ति शुक्रवार को कराई गई। मुखयमंत्री कानराड ने अपने सोशल अकाउंट पर लिखा, 'आज हमने मेघालय में नोंगस्टोइन से मावेत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक ई-वीटीओएल ड्रोन के माध्यम से दवाओं की आपूर्ति की। अपनी तरह के इस पहले कार्यक्रम में ड्रोन ने 25 मिनट से भी कम समय में 25 किलोमीटर की दूरी तय की।

## ये मांगे भी मानीं, अब आंदोलन खत्म करें किसान: तोमर



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने किसानों की ओर और मांग मान ली है। पराली जलाने से संबंधित किसानों पर आपराधिक केस दर्ज नहीं किए जाएंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने यह ऐलान करते हुए कहा कि आप किसान आंदोलन का कोई मतलब नहीं है और किसानों को आंदोलन खत्म कर देना चाहिए। इस पर कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों ने कमेटी बनाने की मांग की थी, जिसे सरकार ने पूरा कर कर दिया है। कृषि मंत्री ने यह जानकारी भी दी कि तीनों कृषि कानून वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और सोमवार को संशोधित बिल उनके द्वारा लोकसभा में पेश कर दिया जाएगा। तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने वाला विधेयक शीतकालीन सत्र के पहले दिन (29 नवंबर को) संसद में पेश किया जाएगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एमएसपी प्रणाली को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक समिति गठित करने की घोषणा की है। इस समिति में किसान संगठनों के प्रतिनिधि होंगे। इस समिति के गठन से एमएसपी पर किसानों की मांग पूरी हुई। किसान संगठनों ने किसानों द्वारा पराली जलाने को अपराध से मुक्त करने की मांग की थी। भारत सरकार ने भी इस मांग को स्वीकार कर लिया है। (हालांकि केस वापस लेने का फैसला संबंधित राज्य सरकारों को करना है।) तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की घोषणा के बाद किसानों के आंदोलन को जारी रखने का कोई मतलब नहीं है। मैं किसानों से अपना आंदोलन खत्म करने और घर जाने का आग्रह करता हूं। जहां तक विरोध के दौरान दर्ज मामलों का संबंध है, यह राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आता है और वे निर्णय लेंगी।

## वार्ता के जरिए भारत से वापस ले लेंगे लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा

### नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के बिगड़े बोल



**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री और मुख्य विपक्षी दल सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने भारत से सीमा विवाद पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने वादा किया है कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में लौटती है तो वह भारत से लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा के क्षेत्रों को वार्ता के जरिए वापस ले लेंगे। लिपुलेख दर्रा कालापानी के पास एक सुदूर पश्चिमी बिंदु पर स्थित है। यह नेपाल और भारत के बीच एक विवादित सीमा क्षेत्र है। भारत और नेपाल दोनों कालापानी को अपने क्षेत्र के अभिन्न अंग के रूप में दावा करते हैं। भारत उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के हिस्से के रूप में और नेपाल धारचूला जिले के हिस्से के रूप में इस पर दावा करता है। काठमांडू से 160 किलोमीटर दक्षिण में चितवन में नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के 10वें आम सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए ओली ने दावा किया कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में वापस आती है तो वह "भारत से बातचीत के माध्यम से लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख जैसे विवादित क्षेत्रों को वापस ले लेगी।" उन्होंने कहा, "हम बातचीत के जरिए समस्याओं के समाधान के पक्ष में हैं, न कि पड़ोसियों से दुश्मनी करके।"ओली ने विश्वास जताया कि सीपीएन-यूएमएल अगले साल होने वाले आम चुनाव में सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत के रूप में उभरेगा।

## सोहनगढ़ से दलौदा आ रही बारात की बस पलटी, 10 घायल

**मंदसौर।** शनिवार को मंदसौर जिले के दलोदा के पास बारातियों से भरी बस पलट गई। इसमें लगभग 10 लोग घायल हो गए हैं। दो की हालत गंभीर है। घायलों में महिलाएं ज्यादा हैं, बस पलटने के बाद सभी घायलों को जिला चिकित्सालय लाया गया। जहा उनका उपचार जारी है, बताया जा रहा है कि बस रतलाम जिले के जावरा तहसील के ग्राम सोहनगढ़ से बारात लेकर दलौदा आ रही थी। बस की फिटनेस भी खत्म हो चुकी है और परमिट की जांच की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार हिना ट्रेवल्स की बस (एमपी 43 पी 0364) जावरा के सोहनगढ़ बारात लेकर दलौदा आ रही थी। तभी महू-नीमच राजमार्ग पर दलौदा थाने के पास बालाजी मंदिर के यहां पलट गई है। हादसे में 10 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को जि़ला अस्पताल लाया गया है। इसमे दो गंभीर घायल है। घायलों में ज्यादा महिलाएं शामिल है। मंदसौर तहसीलदार मुकेश सोनी भी जिला चिकित्सालय पहुंचे और सारी व्यवस्थाएं देख रहे हैं। घायलों का कहना है बस जावरा मंदसौर रुट पर चलती है और बारात छोड़कर फिर से लाइन पर जाने के चक्कर में तेज गति से चला रहा था। कई बार यात्रियों ने टोका भी पर वह नहीं माना।

### घायलो में महिलाएं ज्यादा बस के पूरे पेपर भी नहीं

## सूदखोरों पर सख्त कार्यवाही करें -सीएम



**जबलपुर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सूदखोरों -साहूकारों द्वारा मनमाना ब्याज लिए जाने के कारण घटित कल की घटना हृदय विदारक और असहनीय है । मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इसे गंभीरता से लेते हुए अवैधानिक रूप से सूदखोरी का काम करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए । मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सूदखोरो साहूकारो की गतिविधियो पर सघन निगरानी रखी जाएगी।मुख्यमंत्री श्री चौहान अवैधानिक तरीके से चल रही साहूकारी और सूदखोरी की गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए निवास कार्यालय में बुलाई गई आपात बैठक को संबोधित कर रहे थे।

## शिवराज के पीठ पीछे विधायकों से मिलना चाहते थे मुरलीधर!



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी में मध्य प्रदेश के प्रभारी मुरलीधर राव का मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ टकराव शुरू हो गया है। दरअसल मुरलीधर राव मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पीठ पीछे विधायकों से मिलना चाहते थे लेकिन फिर दिल्ली से एक फोन आया और सारा प्लान धरा का धरा रह गया। खबर मिली है कि शिवराज सिंह चौहान की घेराबंदी करने के लिए विधायकों के साथ वनटूवन बैठक प्लान की गई थी। इस प्लानिंग में कई बड़े पदाधिकारी शामिल थे लेकिन चेहरा मुरलीधर राव थे। स्थिति यह थी कि बैठक के बारे में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बताया था कि नहीं गया। मीटिंग का एजेंडा भी गुप्त रखा गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अचानक तीर्थ यात्रा पर नहीं गए थे। जब पता चला कि पीठ पीछे प्लानिंग की गई है तो सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भी अपने महत्व का एहसास करा दिया। सूत्रों का कहना है कि विधायकों की बैठक का समय शिवराज सिंह चौहान के कहने पर नहीं बल्कि दिल्ली से फोन आने के बाद बदला गया था।

### आरक्षण खत्म करना चाहते हैं भाजपा के नेता : बोले कमलनाथ



**भोपाल।** भाजपा के नेता संविधान में मिले आरक्षण के अधिकार को समाप्त करना चाहते हैं। कई बार पार्टी के नेता आरक्षण समाप्त करने को लेकर बयान देते हैं और फिर जनता के दबाव में उसे वापस ले लेते हैं पर जो उनकी अंतरआत्मा की आजाव है, वो बाहर आ जाती है। देश और प्रदेश में युवाओं को भ्रमित करने का काम अभियान चलाकर किया जा रहा है। इससे सावधान रहने की जरूरत है। पार्टी का सदस्यता अभियान चल रहा है। इससे ज्यादा से ज्यादा अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्तियों को जो ?ा जाए। यह बात प्रदेश कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग की बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कही। उन्होंने कहा कि डा. भीमराव आंबेडकर ने जो संविधान बनाया, उसका ही असर है कि समाज में अनुसूचित वर्ग के व्यक्तियों को समानता का अधिकार मिल रहा है।






### तेलंगाना आंध्र की

## महिलाओं ने पति से मार खाने को बताया जायज



**वेब डेस्क** महिलाओं को सशक्त करने के लिए एक तरफ उनके अधिकारों की बात हो रही है। घरेलू हिंसा पर कानूनों को और कठोर किया जा रहा है तो दूसरी तरफ नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इस सर्वे के तहत तेलंगाना जैसे राज्य में 83.8 प्रतिशत महिलाओं ने खुद माना है कि पति द्वारा उनको पीटा जाना सही है। इसके अलावा कर्नाटक के 81.9 प्रतिशत पुरुषों की भी यही राय है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की ओर से जम्मू-कश्मीर समेत 18 राज्यों के महिलाओं व पुरुषों की घरेलू हिंसा पर राय ली गई। इन राज्यों में असम, आंध्र प्रदेश, बिहार, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा व पश्चिम बंगाल शामिल था। सर्वे में महिलाओं व पुरुषों को शामिल किया गया था। सभी से एक सामान्य प्रश्न किया गया कि- आपकी राय में क्या पति का अपनी पत्नी को पीटना या मारना जायज है? इस सर्वे में कई तरह की परिस्थितियों को भी शामिल किया गया था। जिसमें लिखा था कि आपकी राय में पति द्वारा पत्नी को पीटना कब जायज है- यदि वह बिना बताए घर से बाहर जाती है? अगर वह घर या बच्चों की उपेक्षा करती है? अगर वह उससे बहस करती है? अगर वह उसके साथ यौन संबंध बनाने से इनकार करती है?अगर वह ठीक से खाना नहीं बनाती है?अगर वह किसी और के साथ संबंध में है? अगर वह ससुराल वालों के प्रति अनादर का भाव रखती है? यह सर्वेक्षण 2019 से 2021 के बीच हुआ, जिसके नतीजे बीते बुधवार को जारी किए गए। इसमें सबसे ज्यादा तेलंगाना की (83.8 प्रतिशत) महिलाओं ने माना कि पति द्वारा उनको पीटा जाना सही है। वहीं हिमाचल प्रदेश में इस सवाल पर महिलाओं की सहमति सबसे कम थे। यहां पर सिर्फ 14.8 प्रतिशत महिलाओं ने घरेलू हिंसा को जायज बताया। इसके अलावा सबसे ज्यादा कर्नाटक के पुरुषों (81.9 प्रतिशत) ने इसे जायज ठहराया, तो हिमाचल के सिर्फ 14.2 प्रतिशत पुरुषों ने घरेलू हिंसा को सही बताया। 2018 में 52 प्रतिशत महिलाओं ने माना था घरेलू हिंसा को सही 2018 में भी इसी तरह का सर्वे के नतीजे जारी किए गए थे। यह सर्वे 2015 से 2016 के बीच पूरा हुआ था। इसके अनुसार तब 52 प्रतिशत महिलाओं का मानना था कि पति के लिए अपनी पत्नी को पीटना उचित है। जबकि, केवल 42 प्रतिशत पुरुष इससे सहमत थे।

| राज्य | महिला | पुरुष |
|---|---|---|
| तेलंगाना | 83.8 | 70.4 |
| आंध्र प्रदेश | 83.6 | 66.5 |
| कर्नाटक | 76.9 | 81.9 |
| हिमाचल | 14.8 | 14.2 |
| त्रिपुरा | 29.5 | 21.3 |
| नागालैंड | 23.9 | 34.4 |

## उमा भारती 2024 में लोक सभा चुनाव लड़ना चाहती हैं?



**भोपाल।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने वाराणसी में उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि उस वक्त यूपी के सीएम के लिए जो चार नाम चर्चा में थे, उनमें मेरा भी एक नाम था लेकिन जब अमित शाह ने कहा कि दीदी ऐसा लग रहा है कि सभी लोगों का मत है कि योगी आदित्यनाथ को सीएम बनाया जाए, तो मैं बता नहीं सकती कि मुझे कितनी खुशी हुई। गंगा के संकल्प पर उमा भारती ने कहा कि गंगा की सफाई का जवाब मैं गंगा को ही दूंगी, क्योंकि मैं सिर्फ तीन साल ही मंत्री रही। अब गंगा की सफाई का जवाब वे देंगे, जो इसके मंत्री हैं। गंगा की साधना के लिए मैंने चुनाव नहीं लड़ा और पांच साल सक्रिय राजनीति से खुद को थोड़ा दूर रखा लेकिन पार्टी के कहने पर मैंने 2019 के चुनाव में भी प्रचार किया और इस बार भी करूंगी। उल्लेखनीय है कि उमा भारती 2024 में लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहती है। मध्यप्रदेश में एक से अधिक बार पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने इस बात का ऐलान किया है। पिछली बार वह उत्तर प्रदेश की झांसी लोकसभा सीट से सांसद थी। इस बार किस सीट से चुनाव लड़ेंगे उन्होंने स्पष्ट नहीं किया है।

# तिलक कॉलेज में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर





**कटनी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन में, जिला न्यायाधीश व सचिव दिनेश कुमार नोटिया की अध्यक्षता में तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी बी.डी. दीक्षित की उपस्थिति में 26 नवम्बर को संविधान दिवस के सुअवसर पर कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए तिलक कॉलेज कटनी में विधिक साक्षरता शिविर/जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सचिव श्री नोटिया ने बताया कि 26 नबम्बर का दिन बहुत खास है। यही वह दिन है जब देश की संविधान सभा ने मौजूदा संविधान को विधिवत रूप से अपनाया था। संविधान ही है जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है। जहां संविधान के दिये मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं, वही इसमें दिये मौलिक कर्तव्य हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाते है। प्रत्येक वर्ष 26 नबम्बर का दिन संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।**

वर्ष 2015 में संविधान के निर्माता डॉ. अम्बेडकर के 125वें जयंती के रूप में 26 नबम्बर को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने इस दिवस को ''संविधान दिवस'' के रूप में मनाने के केन्द्र सरकार के फेसले को अधिसूचित किया था। संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिये यह दिवस मनाया जाता है। भारतीय संविधान विश्व का सबसे लम्बा संविधान है। इसमें देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों, सरकार की भूमिका, प्रधानमंत्री, राष्टपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री की शक्तियों का वर्णन किया गया है। विधानपालिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका का क्या कार्य है, उनकी देश को चलाने में क्या भूमिका है, इन सभी बातों का उल्लेख संविधान में है। संविधान 25 भागों, 470 अनुच्छेदों और 12 सूचियों में बंटा है। संविधान के तीसरे भाग में मौलिक अधिकारों का वर्णन किया गया है। संविधान का उद्देश्य सरकार की शक्तियों को इस तरह सीमित करना है कि नागरिकों के अधिकार सरकारी दुरूपयोग से सुरक्षित रहे। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री दीक्षित ने कॉलेज के छात्रों को भारतीय संविधान के द्वारा प्रदत्त मूल अधिकार एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का विस्तार पूर्वक विवरण देते हुये बताया कि हमें अपने संविधान का सम्मान करना चाहिये तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुये अधिकार को प्राप्त करने के लिये हमेशा प्रयास करते रहना चाहिये। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में बालक-बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, संरक्षण, विधि, लैंगिक अपराध, निःशुल्क विधिक सहायता योजना, ई-सेवा तथा ई-न्यायालय, नालसा के निःशुल्क विधिक सहायता ऐप आदि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। जिला महिला सशक्तिकरण अधिकारी वनश्री कुरवैती ने महिला एवं बाल विकास विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर शासकीय तिलक कॉलेज कटनी के प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात अन्य प्राध्यापकगण, पीएलव्ही मनीषा प्यासी सहित छात्र-छात्रओं की उपस्थिति रही।



## नल कनेक्शन हेतु 3 स्थलों पर शिविर आयोजित

### नागरिकों नें उठाया शिविर का लाभ

**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगारिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए हर घर नल हर घर जल अमृत योजनांन्तर्गत नगर निगम सीमा अन्तर्गत नवीन नल कनेक्शन प्रदाय किये जानें का कार्य वार्डो में शिविर का आयोजन कर किया जा रहा है। नोडल अधिकारी अनिल त्रिपाठी नें जानकारी देते हुए बताया कि योजनान्तर्गत के तहत आज शासकीय माध्यमिक शाला पहरूआ, नगर निगम जोन क्रमांक 3 खिरहनी, खेरमाई मंदिर परिसर लखेरा में प्रातः 10 बजे से वार्ड के नागरिकों हेतु शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर के माध्यम से 41 लोगों के नवीन नल कनेक्शन के फार्म लिये जाकर निर्धारित शुल्क जमा करनें की कार्यवाही की गई। श्री त्रिपाठी नें बताया कि कल वार्ड क्रमांक 01,02,03 के नागरिकों के लिए शासकीय माध्यमिक शाला पहरूआ, वार्ड क्रमांक 10, 11, 12 में शासकीय स्कूल सावरकर वार्ड तथा वार्ड क्रमांक 16,17,18 हेतु नगर निगम जोन कार्यालय 3 खिरहनी, वार्ड क्रमांक 34, 35 एवं 37 हेतु खेर माई मंदिर परिसर लखेरा तथा वार्ड क्रमांक 41 एवं 44 में आंगनबाडी केन्द्र कैरिन लाईन स्कूल के पास शिविर का आयोजन किया जावेगा। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें जरूरतमंद नागरिकों से आयोजित शिविरों का लाभ प्राप्त करनें हेतु शिवर स्थल पर पहुंचकर निर्धारित दस्तवेज एवं राशि जमा कर योजना का लाभ प्राप्त करनें की अपील की है।

## दिगम्बर जैन पंचायत का चुनाव कार्यक्रम घोषित

**कटनी।** स्थानीय श्री सकल दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति के त्रि-वार्षिक चुनाव सम्पन्न कराने हेतु त्रिसदस्यीय चुनाव समिति का गठन किया गया है। जिसमें सुभाष सिंघई सीनियर मैनेजर सेवानिवृत्त पंजाब नेशनल बैंक को मुख्य चुनाव अधिकारी, अक्षय कुमार जैन प्रबंधक शिक्षा संस्था को सहायक चुनाव अधिकारी एवं सुरेन्द्र कुमार जैन हटा वालों को सहायक चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार अभी सम्मानीय सदस्यों के नाम की सूची मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन कटनी के सभी दिगम्बर जैन मंदिरों के सूचना पटल पर 27 नवम्बर दिन शनिवार को किया गया है। आपत्तियां सूचना पटल पर प्रदत्त जानकारी के अनुसार 3 दिसम्बर दिन शुक्रवार तक स्वीकार की जावेगी। भविष्य में चुनाव से संबंधित सभी सूचनायें दिगम्बर जैन मंदिरों के सूचना पटल पर ही उपलब्ध होगी।

## दिव्यांगों के सर्वांगीण विकास के लिए पहल



### साईटसेवर्स का स्टेकहोल्डर के साथ संवाद कार्यक्रम

**कटनी।** साईटसेवर्स द्वारा कटनी जिले में चलाए जा रहे सामाजिक समावेशन एवं सामावेशी शिक्षा कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ के साथ स्टेकहोल्डर कार्यशाला का आयोजन जिला जनपद पंचायत कटनी के सभागृह में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश चंद्र गोमे की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में सामाजिक न्याय, शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, महिला एवं बाल विकास, एनआरएलएम, आरसेटी, डाइट, दिव्यांग संगठनो के प्रतिनिधी एवं उद्योग संस्थान से 43 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

साईटसेवर्स से नेशनल टेक्निकल स्पेशलिस्ट केतन कोठारी, स्टेट प्रोग्राम लीड जयश्री कुमार, स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर मीनाक्षी पटेल ने इय कार्यक्रम के माध्यम से संचालित गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया और आगामी 5 वर्षो की कार्य योजना की जानकारी प्रस्तुत की एवं समस्त विभाग में से सहयोग की अपील की वही आपसी संवाद के उपरांत एक कार्य योजना तैयार की। जिसमें दिव्यांगजन के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर सार्थक कदम उठाने पर सहमति बनी। इस कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्री गोमे द्वारा दिव्यांगजन के लिये उचित कार्य एवं उचित अवसर हेतु विचार व्यक्त किए गये। वहीं श्री केतन द्वारा कहा गया कि ÷दिव्यांगों के लिए दिव्यांगों के बिना कुछ नहीं÷, स्टेट प्रोग्राम लीड जय श्री कुमार द्वारा आगामी 5 वर्ष में साईटसेवर्स कटनी जिले में क्या क्या कार्य करेगी और कैसे करेगी इस पर प्रकाश डाला।



## आज हर स्तर पर सत्य उजागर करने की आवश्यकता

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी श्यामाचरण उपाध्याय की अध्यक्षता में जिला न्यायायल में पदस्थ अन्य जिला न्यायाधीशगण एवं जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यों की उपस्थिति में दिनांक 26.11.2021 को अधिवक्ता परिषद कटनी की जिला इकाई एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी द्वारा संयुक्त रूप से संविधान दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश श्यामाचरण उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत का संविधान वर्ष 1949 में संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मसमर्पित किया गया था। तब से 26 नबम्बर का दिन विधि दिवस के रूप में मनाया जाता था और वर्ष 2015 से यह दिवस संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। संविधान की प्रस्तावना में वर्णित सामजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की चर्चा करते हुये उन्होंने कहा कि आज भी अंग्रेजों के बनाये हुये कानून जैसे भारतीय दंड संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम प्रचलन में है, और जब-जब इन पर संशोधन किया गया तब-तब न्यायिक व्यवस्था प्रभावित हुयी है। आज आवश्यकता है, अधिवक्ताओं को अपने प्रकरणों में पूरी तरह से तैयार होकर सत्य उजागर करने की, जिससे सही अर्थो में पीड़ित व्यक्ति को न्याय प्राप्त हो सके। उक्त अवसर पर अध्यक्ष अधिवक्ता संघ अमित शुक्ला, अधिवक्ता डी.आर. रजक, बी.एल. यादव, जिला न्यायाधीश राजेश कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेश कुमार नोटिया, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विकास चौहान, रजिस्टार राघवेन्द्र पटेल, जिला विधिक सहायता अधिकारी बी.डी. दीक्षित, अन्य न्यायिक अधिकारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।



## नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियां

**कटनी।** नेहरु युवा केंद्र कटनी के तत्वाधान में भारत सरकार के निर्देशानुसार 26 नवम्बर को भारतीय संविधान की 72वी वर्षगांठ पर ग्राम झिरिया विकासखंड विगढ़ एवं विकासखंड मुख्यालय, विकासखंड बडवारा में संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारम्भ में अतिथियों ने भारतीय संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण से किया। अतिथियों के स्वागत उपरांत विकासखंड प्रभारी स्वयंसेवक शुभम श्रीवास बड़वारा एवं आदित्य दुबे विगढ़ ने नेहरु युवा केंद्र एवं भारतीय संविधान के बारे में संक्षिप्त में जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुनील राय हिन्दी विभाग शास. महाविद्यालय बडवारा ने युवाओ को सम्बोधित किया। इस अवसर पर उपस्थित युवाओ को राष्ट्र की एकता अखंडता सुनिश्चित करने के लिए शपथ दिलाई तथा संविधान दिवस के उपलक्ष में नेहरु युवा केंद्र कटनी से जुड़े सक्रिय युवा मंडल सदस्यों द्वारा चित्रकला कर अपने विचार व्यक्त किए गए।

## लक्ष्मी द्विवेदी को मिली पीएचडी की उपाधि

**कटनी।** रबर फैक्ट्री रोड निवासी श्रीमती लक्ष्मी द्विवेदी को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा कला संकाय के अंतर्गत बघेली और बुंदेली भाषा के



तुलनात्मक अध्ययन पर शोध कार्य करने मे पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। आयुध निर्माणी में पदस्थ राजेश द्विवेदी पत्नी लक्ष्मी द्विवेदी ने बताया कि यह उपलब्धि तिलक कालेज की प्राध्यापक डॉ माधुरी गर्ग के निर्देशक एवं मातृशक्ति डॉक्टर कमला यादव के सहयोग से हासिल हुई। लक्ष्मी दिवेदी प्रतिष्ठित नागरिक आर के द्विवेदी एवं श्रीमती कालिंदी द्विवेदी की बहू है। उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्याप्त है।

## महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक





**कटनी।** 25 नवंबर को सारे विश्व में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा के उन्मूलन के लिए अंर्तराष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम ''ऑरेन्ज द वर्ल्ड अब महिलाओं के विरूद्ध हिंसा समाप्त करें'' है। इस दिवस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला-कटनी नयन सिंह के मार्गदर्शन में महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक करने एवं महिलाओं के विरूद्ध हिंसा को समाप्त करने सामाजिक जागरूकता लाने के उदेश्य से वन स्टॉप सेन्टर कटनी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम, हस्ताक्षर अभियान एवं रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथी के रूप में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला कटनी दिनेश कुमार नोटिया उपस्थित रहे। उन्होने उपस्थित महिलाओं को विभिन्न महिला संबंधित कानूनों एवं अधिकारों की जानकारी दी एवं बताया कि कानूनी सहायता की आवश्यकता होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क करें। प्रशासक वन स्टॉप सेन्टर कटनी सुषमा नाग द्वारा हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए वन स्टॉप सेन्टर में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं एवं महिला हेल्पलाइन नंबर 181 के बारे में विस्तार से बताया गया। तत्पश्चात उपस्थित अधिकारियों एवं महिलाओं द्वारा हस्ताक्षर अभियान अंर्तगत महिला हिंसा मुक्त समाज के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई एवं शपथ ली गई । कार्यक्रम के उपरांत महिला हिंसा मुक्त समाज एवं महिला सम्मान का संदेश देने उददेश्य से रैली निकाली गई। कार्यक्रम में वनश्री कुर्वेती सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास जिला कटनी, मीना बड़कुल परियोजना अधिकारी कटनी शहरी, एवं अन्य विभागीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, ऑल इंडिया रिलीज



रोजाना 4 शो ता. 25 से दोपहर 1, 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से
सत्यमेव जयते-2
कलाकार- जॉन अब्राहम, दिव्या खोसला कुमार, हर्ष छाया, अनूप सोनी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, ऑल इंडिया रिलीज



रोजाना 4 शो ता. 26 से दोपहर 12, 3, 6 एवं रात्रि 9 बजे से
अंतिम
(The Final Truth)
कलाकार- सलमान खान, आयुष शर्मा, महिमा मकवाना, महेश मांजरेकर, निकितिन धीर आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 26 से दोपहर 12, 3, 6 एवं 9 बजे से
अंतिम
कलाकार-सलमान खान, आयुष शर्मा, महिमा मकवाना, निकितिन धीर आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः 230033



## सिवनी को हराकर कटनी सेमीफाइनल में

**कटनी।** जबलपुर में चल रही अंडर 13 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में सिवनी और कटनी के मध्य खेले जाने वाले मैच के पहले दिन कटनी की टीम ने 9 विकेट खोकर 272 रन बनाए। कटनी से लकी मेहरा ने 257 गेंदों में नाबाद 156 रन, अभेन्द्र प्रताप सिंह ने 22 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए सिवनी की पूरी टीम 145 रन के स्कोर पर आउट हो गई। सिवनी की ओर से अक्षय मिश्रा ने 100 और कटनी से विजेंद्र ने 6,यश तिवारी ने 3, प्रीत सोमवानी ने 1 विकेट लिया। आज कटनी एवं जबलपुर के बीच सेमीफाइनल मैच खेला जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी राजेश डेविड, सचिव, जिला क्रिकेट संघ ने दी।

यश भारत


# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 27 नवम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## मानव जीवन की शोभा उत्तम संस्कारों से

### पहाड़ी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य कुलरत्नभूषण महाराज के उद्गार



**कटनी।** आचार्य श्री 108 कुलरत्न भूषण मुनि ने प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए कहा कि नारी की शोभा पति से है। मानव जीवन की शोभा उत्तम संस्कारों से है। बहुत छोटा सा गांव है पहाड़ी, पर भक्ति बड़ी है। इधर अच्छे बच्चा-बच्ची है और सच्चे भी है। जैन समाज में सेवा का बहुत अवसर दिया गया है। महात्मा गांधी सेवा से ही महात्मा बने है। महात्मा गांधी ने जेल में रहकर लिखी थी मेरी गाथा। अभी में झिंझरी जेल में केदियो को उपदेश दिया था। जो कैदी जुर्माने का रुपए जमा न करने के कारण जेल में बंद है, उनको छोड़ने के लिए जैन समाज ने 1 लाख 8 हजार रुपया दिया। महावीर भगवान ने मुक्ति का संदेश दिया है। जो दुख से पीड़ित है, उनका दुख से मुक्त करता है, वहीं महावीर का भक्त है। महात्मा गांधी भी अजैन होकर भी जैन धर्म से इतने जुड़े थे। उनके बारे में एक ग्रन्थ में विद्यानन्द गुरुदेव ने लिखा था। उस ग्रन्थ का नाम जैन धर्म अहिंसा एवं महात्मा गांधी है। उस ग्रन्थ में गांधी के जीवन में सत्य और अहिंसा क्यों अपनाया, इतने प्रभाव में क्यो पड़ गए। वो बचपन में सत्य हरिश्चंद नाटक देखे थे। अब मोहन दास से उनको कोई नहीं जानता। अब महात्मा जानते हैं। आदिनाथ भगवान के पुत्र भरत और बाहुबली उन्होंने तीन प्रकार के युद्ध किये दृष्टि युद्ध, जल युद्ध और मल युद्ध, इसको अहिंसात्मक युद्ध बोलते है। उसके बाद हमारे धर्म के नेमिनाथ भगवान के काल में महाभारत हुआ। मुनि सुव्रत के कार्यकाल में रामायण हुआ। तीर्थकर थे फिर भी युद्ध हुआ हिंसात्मक। भगवन आदिनाथ के पुत्रों को छोड़कर बाकी 23 तीर्थकर के कार्यकाल में हिसात्मक युद्ध हुआ, पर बापू जी के काल में अहिंसात्मक युद्ध हुआ, इसलिए बापू जी जैन धर्म का कट्टर भक्त थे। इस अवसर पर आचार्य श्री को आहार देने का सौभाग्य सुरेंद्र जैन को मिला। मुनि श्री के प्रवचन में प्रमुख रूप से राकेश जैन कक्का, आराधना जैन, राकेश जैन अध्यक्ष जैन समाज, मुकेश जैन, शरत जैन, विजय जैन, आनन्द जैन, त्रिलोक जैन, सुरेंद्र जैन, सन्यासी जैन, बाबूलाल मास्टर, कुलदीप जैन, ज्ञानेश जैन, चक्रेश जैन, सुरेश जैन, अभय जैन, अनिल जैन, प्रकाश जैन, सुरेंद्र जैन बाबू, सन्तोष लाल, गजेंद्र जैन, विनोद जैन, पवन जैन, अमित जैन, सुश्री सुभि जैन आदि पहाड़ी और कटनी जैन समाज के लोग उपस्तिथ थे।

## दिगंबर जैन महिला परिषद ने किया बुजुर्गों का सम्मान





कटनी।

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद नीलांजना संभाग की शाखा कटनी की बहनों द्वारा मंदिरों की मालन का स मान किया गया एवं साथ ही समाज की बुजुर्ग एवं परिषद की कटनी शाखा की नींव रखने वाले साथियों का स मान किया गया, साथ ही में 10 दिनों से चल रहे बालिकाओं के स्वरोजगार के लिए जो पार्लर एवं सिलाई का कार्य परिषद द्वारा सिखाया जा रहा था, वह पूर्ण हुआ। परिषद की महिलाओं ने सिलाई सिखाने वाली श्रीमती प्रमिला जैन एवं पार्लर चलाने वाली बहन का स मान उपहार देकर किया एवं परिषद की प्रांतीय चेयर पर्सन श्रीमती बबीता जैन के यहां कार्यकारिणी मीटिंग रखी गई, जिसमें परिषद की कार्यकारिणी बहने उपस्थित रहीं, जिसमें श्रीमती नीता जैन संभागीय अध्यक्ष, श्रीमती शशि जैन, क्रांति चेयरपर्सन श्रीमती बबीता जैन, क्रांति चेयरपर्सन श्रीमती अंजू जैन, शिल्पा जैन, मंजू जैन, प्रीति पटवारी, रजनी चाची एवं अन्य बहनों का सहयोग प्राप्त हुआ।

### प्राकृतिक आपदाओं के दौरान एनएनएसने लिया सेवा का संकल्प

## राजीव गांधी कॉलेज में राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भावना साप्ताहिक कार्यक्रम





**कटनी।** राजीव गांधी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रीठी की राष्ट्रीय सेवा योजना ने राष्ट्रीय सा प्रदायिक सद्भावना साप्ताहिक कार्यक्रम के मु य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुरेंद्र प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में जाति, धर्म, भेदभाव को दूर कर भाईचारा बढ़ाने हेतु प्रेरणादायी आव्हान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय उपप्राचार्य डॉ मनोज खरे ने आतंकवाद के कारण होने वाले दुष्प्रभावों पर गहन चिंतन व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि कला संकाय विशिष्ट अतिथि सहायक प्राध्यापक राजनीति शास्त्र भानुप्रताप मिश्रा ने अपने उद्बोधन राष्ट्रीय एकता व अखण्डता बनाये रखने हेतु अपने विचार रखे। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सतीश कुमार तिवारी ने देश में प्राकृतिक आपदा जैसे भूक प, भूस्खलन, बाढ़, सूखा, अतिवर्षा, अल्प वर्षा मानवीय आपदाये जैसे बम विस्फोट, आगजनी, सामूहिक दंगो आदि से होने वाली आर्थिक छति व इनमे घायल हुये जन मानस के पुर्नःस्थापन व घायलो के इलाज, भोजन आदि की व्यवस्थाओं हेतु आर्थिक रूप से हम कितना आर्थिक सहयोग कर सकते है, इसके बारे में बताया व सभी से सरकार को आर्थिक सहयोग हेतु अपना अंशदान करने हेतु आव्हान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय व विद्यालय स्टाफ से कला संकाय विभागाध्यक्ष डॉ श्रीमती ज्योति राजपूत सहायक प्राध्यापक संतोष केवट, डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह राजपूत, ग्रन्थपाल अरविंद मेहरा, भोलाराम पटेल, विनयशंकर दुबे, भरत पटेल, सहायक प्राध्यापक आर के निगम, सुरेश श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास, राजकिरण सिंह, आशीष तिवारी, आनंद पटेल, रोहित पटेल, बराती लाल, रघुराज सिंह, दीपक कुशवाहा, संजय गौतम व समस्त रासेयो के स्वयं सेवक व छात्र छात्राएं की उपस्थति व सहयोग रहा।



## शिल्पकारों की कलाकृतियां भी होंगी फेस्टिवल में प्रदर्शित

**कटनी।** कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल में जहां देश भर से आए शिल्पकारों की कलाकृतियों का प्रदर्शन 27 व 28 नवंबर को प्रदर्शनी के माध्यम से होगा तो जिले के बिलहरी के सेंड स्टोन पर बनाई जाने वाली प्रतिमाओं और कलाकृतियों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। शनिवार को बिलहरी के बर्मन परिवार के शिल्पकार अपने द्वारा बनाई गई प्रतिमा व कलाकृतियों को लेकर प्रदर्शनी में शामिल होंगे। प्रदर्शनी में कलाकृतियों को शामिल करने जिला प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार बिलहरी निधि तिवारी ने शिल्पकारों को न्यौता दिया। बिलहरी के शिल्पकारों की पांचवी पीढ़ी पत्थर की शिल्पकला की विरासत संभाले हुए है। बताया जाता है कि उनके पूर्वज खजुराहो से कटनी आए थे और बिलहरी में अपनी शिल्पकला की कारीगरी का काम प्रारंभ किया था। जहां आज पांचवी पीढ़ी पूर्वजों की विरासत को संभाले हुए है। कल्चुरीकाल में भी बिलहरी की कला का अपना महत्व रहा है। कटनी के स्टोन की खासियत को देखते हुए कल्चुरी काल के राजाओं ने बिलहरी को अपनी कला का केन्द्र भी बनाया था। शिल्पकार कमलेश बर्मन, राजेश बर्मन कहा कि जिले के स्टोन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन की अच्छी पहल है और इससे हमारी कला को भी नई पहचान मिलेगी।

## एसकेपी शिवमंदिर में रामलीला के अंतिम अध्याय का मंचन



**कटनी।** विगत 15 दिवस से एसकेपी शिवमंदिर में रामलीला का आयोजन प्रारंभ था। शिवमंदिर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजेश शान भाई ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत कई वर्षो से एसकेपी के प्राचीन शिवमंदिर में भव्य रामलीला का आयोजन किया जाता है उसी परम्परा का निर्वाह आज की पीढ़ी के द्वारा करते हुए गोसलपुर के हनुमान रामलीला मण्डल के माध्यम से रामलीला का आयोजन किया जाता है। रामलीला में रामचरित मानस के विभिन्न अध्यायों का मंचन कलाकारों के माध्यम से किया जाता है। आज की रामलीला में मुख्य श्रोता के रूप में एनएसयूआई के राष्ट्रीय समन्वयक अंशु मिश्राए तिलक कॉलेज अध्यक्ष अजय खटीकए पूर्व पार्षद आफ्ताब अहमद सम्मिलित हुए और भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना की। रामलीला के अंतिम अध्याय में रावण और भगवान श्रीराम के बीच युद्ध कर रावण के वध करने की लीला का सुंदर व सजीव चित्रण किया गया और बताया गया कि किस प्रकार से बुराई पर अच्छाई की जीत हुई। रावण वध के पश्चात राजा विभीषण को लंका का राजा बनाया गया और अयोध्या वापसी के पश्चात बहुत ही धूमधाम से भगवान श्रीराम का राजतिलक किया गया और लीला का समापन किया गया। रामलीला का सफल आयोजन व स्थानीय जनता के स्नेह प्रदान करने के लिए हनुमान रामायण मंडल गोसलपुर के महंत पंडित सुनील तिवारी, प्रदीप तिवारी, एसकेपी शिवमंदिर रामलीला समिति के अध्यक्ष राजेश शान भाई, संयोजक जाकिर हुसैन, अशोक शुक्ला, पूर्व पार्षद मनोज गुप्ता एडवोकेट, राजेन्द्र चावरे, विनोद मसीह, शिवप्रताप सिंह, विजय बक्सरे, डॉक्टर अंकुश सक्सेना, सोनू शुक्ला, लखन पन्त, अर्जुन अहिरवार, संतोष ठाकुर, लालजी त्रिपाठी, रविकान्त प्यासी एडवोकेट, अफसर हुसैन, बिहारीलाल यादव, सोहनलाल सोनी, विनोद गौंटिया, विनोद दुबे, अमित पिल्लै ने सभी सहयोगियों सहित स्थानीय निवासियों का विशेष विशेष आभार व्यक्त किया है।

## चोरी की योजना बनाते चार आरोपी गिरफ्तार

### ज्वेलर्स दुकानों में वारदात को अंजाम देने की थी योजना

**कटनी।** कुठला पुलिस ने गैस गोदाम के पीछे बस स्टेण्ड में एक आटो में बैठकर ज्वेलर्स की दुकानों में चोरी करने की योजना बनाते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों के कब्जे से एक लोहे की राड, प्लास, टार्च, चाबी का गुच्छा, पाईप-पाना बरामद किया गया है। आरोपियों से सघन पूछताछ करने पर कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई चोरी का भी खुलासा हुआ है और एक मोबाईल एवं 8800 रूपए नगद एवं एक ऑटो जब्त किया गया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन द्वारा अपराध समीक्षा बैठक में जिले के सभी थाना प्रभारियों को बढ़ते चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाते हुये चोरी की वारदातों में बरामदगी करने के निर्देशित किया गया था। जिस पर बस स्टेण्ड चौकी प्रभारी प्रियंका राजपूत द्वारा चोरी की योजना बनाते हुये 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हथियार एवं पूर्व में की गई चारियों में चोरी गई संपत्ति बरामद की गई है। जानकारी के मुताबिक विगत 25 नवंबर को मुखबिरों से सूचना मिली कि गैस गोदाम के पीछे बस स्टेण्ड में एक आटो में 3-4 व्यक्ति बैठकर ज्वेलर्स की दुकानो में चोरी करने की योजना बना रहे हैं। सूचना पर चौकी प्रभारी ने टीम बनाकर गैस गोदाम के पीछे तलैया के पास बस स्टेण्ड में योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी, तो दो व्यक्ति आटो एवं दो व्यक्ति आटो के पास खड़े थे, जो ज्वेलर्स की दुकान में चोरी करने की योजना बना रहे थे। पुलिस की आहट सुनकर भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपियों सूरज उर्फ सूरी चौधरी पिता बाबूलाल चौधरी उम्र 24 वर्ष निवासी मदनमोहन चौबे वार्ड, टकोला उर्फ प्रीतम चौधरी पिता शंकर चौधरी उम्र 24 वर्ष निवासी मदनमोहन चौबे वार्ड, इंदर उर्फ इन्दू पिता प्रेमसिंह उम्र 25 वर्ष निवासी इन्द्राज्योत कालोनी, शफीक पिता मो रफीक उम्र 28 वर्ष निवासी मदनमोहन चौबे वार्ड शामिल है। जिनकी तलाशी लेने पर टकोला उर्फ प्रीतम चौधरी के कब्जे से एक लोहे की राड, सूरज चौधरी के कब्जे से प्लास, इंदर सिंह के कब्जे से टार्च, चाबी का गुच्छा तथा मोहम्मद शफीक के कब्जे से पाईप पाना बरामद किया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर पूर्व में भी चोरी, लूट की वारदात का खुलासा हुआ। जिसमे धारा 401 का पाये जाने से मौके पर गिरफ्तार कर धारा 401 भा का कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त चारों आरोपियों से सघन पूछताछ करने पर पूर्व में थाना कुठला के में भी चोरी करना स्वीकार किया गया। जिनसे उक्त अपराध में एक मोबाईल एवं 8800 रूपए नगद एवं एक ऑटो कुल कीमती 173800 रूपये का जब्त किया गया है। सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं, जिनके विरूद्ध थाना कुठला, थाना माधवनगर, थाना कोतवाली, थाना रंगनाथ नगर, थाना कैमोर एवं आरपीएफ में कई अपराध पंजीबद्ध है। उक्त आरोपी संपूर्ण कटनी जिले में घुम घुम कर चोरी ए लूट एवं मारपीट आदि वारदात करते है । पुलिस कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया, नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक विपिन सिंह, उप निरीक्षक प्रियंका राजपूत, सउनि संदीप बाल्मिक प्रआर नीरज पाण्डेय, बृजनंदन सिंह, लेखपाल सिंह, आरक्षक मनू त्रिपाठी, दीपक सिंह, समशेर सिंह, अमित शुक्ला कमलकांत यादव की विशेष भूमिका रही।




## धर्मेन्द्र शर्मा को मिली कैमोर नगर परिषद की कमान

**दो साल से प्रभारी सीएमओ सम्हाल रहे थे परिषद का प्रभार**

**कैमोर।** पिछले दो साल से प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के भरोसे चल रही कैमोर नगर परिषद की कमान एक बार फिर फुलफ्लेश सीएमओ को सौंपी गई है। राज्य शासन द्वारा कल 26 नवम्बर को जारी आदेश के तहत धर्मेन्द्र शर्मा अब कैमोर के नये सीएमओ होंगे। श्री शर्मा अभी नगर निगम सतना में सहायक आयुक्त का काम देख रहे थे जिन्हें अब कैमोर नगर परिषद में सीएमओ पदस्थ किया गया है। उल्लेखनीय है कि लगभग दो साल पहले यहां पदस्थ रही सीएमओ स्नेहा मिश्रा का तबादला हो जाने के बाद लालजी ताम्रकार को सीएमओ का प्रभार मिला था जो अनुपपुर से प्रतिनियुक्ति पर यहां आए थे। बाद में उनका तबादला उनकी मूल स्थापना वाले पद पर हो गया। लालजी ताम्रकार के बाद कभी बरही तो कभी विजयराघवगढ़ के सीएमओ को कैमोर नगर परिषद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। वर्तमान में विजयराघवगढ़ की सीएमओ पूजा बुनकर कैमोर की प्रभारी सीएमओ थी। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग द्वारा कल 28 मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए गए जिसमें कैमोर के लिए धर्मेन्द्र शर्मा की पदस्थापना का आदेश भी शामिल है।

### इस्तहार

आम जनता को इस इस्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है की मौजा देवडोंगरा प.ह.नं. 19/30 बंदोबस्त नंबर 180 रा.नि.मं. मुड़वारा-2 तह. व जिला कटनी में स्थित भूमि ख.नं. 518, 532, 540, 541, 542 रकवा क्रमशः 0.3100,1.210, 0.270, 0.360, 0.340 के भूमि स्वामी हावेन्द्र सिंह वल्द रघुराज सिंह है इसी प्रकार इसी मौजा में स्थित भूमि ख.नं. 508,509,510,511,513,516 रकवा क्रमशः 0.630, 0.410, 0480, 0.990, 1.43, 0.42 हे. के भूमि स्वामी अनीता पत्नी स्व. जगदीश प्रसाद वगैरह है तथा इसी मौजा में स्थित भूमि खसरा नं. 515 रकवा 0.300 हे. के भूमि स्वामी हरीश कुमार सुखीजा वगैरह हैं तथा इसी मौजा में स्थित भूमि ख.नं. 517/2, 529 रकवा क्रमशः 0.720, 0.210 हे. के भूमि स्वामी बालकिशन वल्द सत्यनारायन निषाद हैं तथा ख.नं. 507 रकवा 2.00 हे. के भूमि स्वामी राम सिंह वल्द सुंदर सिंह हैं। इसी प्रकार इसी मौजा में स्थित ख.नं. 514,517/1,531,533,534,536,537,538 रकवा क्रमशः 0.650, 0730, 1.700, 0.300,0.360,0.410,0.420,0.250 हे. के भूमिस्वामी श्री बसंत कुमार यादव वल्द स्व. श्री कल्लू लाल यादव हैं। उक्त सभी भूमि स्वामी अपनी उक्त वर्णित भूमियों को विक्रय करने का सौदा कर चुके हैं, उक्त भूमि कहीं भी रहन, गहन व बंधक वगैरह नहीं है और यदि किसी वित्तीय संस्था बैंक व अन्य किसी व्यक्ति को उक्त भूमि की विकास किए जाने में कोई आपति हो तो प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेजों के लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं 7 दिवस की अवधि के अंदर यदि कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं होती है तो मेरे उपरोक्त पक्षकारों द्वारा अपनी अपनी भूमियों का रजिस्टर्ड विक्रयपत्र निष्पादन कर दिया जावेगा। समय अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई पति मान्य नहीं होगी। पक्षकारों के निर्देशानुसार मेरे द्वारा हस्तहार का प्रकाशन किया जा रहा है।

कटनी दिनांक 26/11/21
भवदीय -अफजल खान (एडवोकेट)
निवास एवं ऑफिस लाल बहादुर शास्त्री कार्ड कुठला, कटनी मो. 7000386090

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार दिलीप चन्दा पिता श्री डी.पी. चन्दा निवासी सिविल लाइन कटनी का विक्रेता गजेंद्र सिंह पिता श्री बलजीत सिंह, कुलदीप सिंह पिता श्री बलजीत सिंह दोनों निवासी हाउसिंग बोर्ड विश्राम बाबा कटनी म.प्र. वाले ने अपनी भूमि ग्राम पिपरौंध पटवारी हल्का नंबर 48 तहसील कटनी में स्थित ख.नं. 317/2, 322, 323 रकवा क्रमशः 0.28, 0.22, 0.31 हे. एवं खसरा नंबर 302, 304 रकवा 0.12,0.27 हे. तथा खसरा नंबर 297/2, 300/2, 301/3 304/1, 301/1, 301/2, 303 रकवा क्रमशः 0.03, 0.17, 0.12, 0.09, 0.21, 0.22, 0.13 हे. का सौदा कर विक्रय इकरारनामा/ चुकतीनामा लिखा जा चुका है। मुझे विश्वस्त सूत्रों से जानकारी लगी थी की विक्रेता उक्त इकरारशुदा भूमि को चोरी-छुपे दूसरों से भी सौदा करने की फिराक में है। जो की अवैधानिक कृत्य है इसलिए कोई भी व्यक्ति संस्था उपरोक्त भूमि के संबंध में उक्त भूमि-स्वामियों से कोई भी सौदा व इकरार ना करे अन्यथा होने वाली आर्थिक क्षति के लिए वह स्वतः जवाबदार रहेगा तथा किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति अथवा हित निहित हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा आपत्ति अमान्य होगी ।

कटनी दिनांक 26.11.21
उमेश मिश्रा एडवोकेट, जिला न्यायालय कटनी

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340



# बिना अनुमति कॉलोनी बनाकर 98 लाख में बेचे 14 प्लॉट

## कालोनाइजर पर बरही पुलिस ने कसा कानूनी शिकंजा, कलेक्टर के आदेश पर पहली एफआईआर दर्ज

**कटनी/बरही।** बिना अनुमति कॉलोनी का निर्माण करने वाले कॉलोनाइजर पर पुलिस ने कानूनी शिकंजा कसा है। जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर बरही में इस कॉलोनी के निर्माण के लिए न तो कॉलोनाइजर का लाइसेंस लिया गया और न ही भूमि का व्यपर्तन कराया गया। अवैध प्लाटिंग, अवैध कालोनी व भूमि क्रय-विक्रय और उसमें उपजे विवादों के लिए कटनी जिले का बरही नगर हमेशा सुर्खियों में रहता है लेकिन इस बार मामला जरा हटकर है। पहली बार अवैध प्लाटिंग करने एवं कालोनी निर्मित करने के मामले में बरही पुलिस ने मामला दर्ज किया है, जो नगर की सुर्खियां बनी हुई है। बरही नगर में एक दर्जन स्थानों में अवैध प्लाटिंग कर कालोनी का निर्माण किया गया है लेकिन कार्यवाई की गाज पहली दफा बरही निवासी सदनलाल गुप्ता के ऊपर गिरी है। प्रकरण के संबंध में टीआई संदीप अयाची ने बताया कि बरही के रहने वाले सदन लाल पिता गिरधारी लाल गुप्ता ने बरही नगर में अवैध रूप से 14 प्लाट काटे थे, जिनमे 2 प्लाट का विक्रय किया गया, प्लाटिंग का यह काम जमीन का बिना डायवर्सन कराए किया गया। मामले की जांच अनुविभागीय अधिकारी विजयराघवगढ़ ने की, जिस पर कलेक्टर न्यायालय कटनी द्वारा पारित आदेश में सदन लाल गुप्ता अवैध प्लाटिंग करने के लिए दोषी पाए गए। मूलभूत सुविधाएं बिजली, सड़क, पानी, पार्क की व्यवस्था नहीं की गई और न ही कॉलोनाइजर का लाइसेंस था। कलेक्टर न्यायालय कटनी के आदेश पर अवैध प्लाटिंग के मामले में सदन लाल गुप्ता के खिलाफ मध्यप्रदेश पंचायतराज एवं राज्य स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 61 घ की उपधारा 3 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। गौरतलब है कि बरही नगर जमीन के मामले में पूरे जिले में सबसे महंगा है, जहां एक नही दर्जनभर से अधिक लोगो द्वारा अवैध प्लाटिंग बड़े पैमाने में की गई है लेकिन कार्यवाई महज 14 प्लाट काटने वाले सदन लाल गुप्ता के खिलाफ हुई है हालांकि बरही में अवैध प्लाटिंग करने वाले आधा दर्जन मामले कलेक्टर न्यायालय में पिछले 5 साल से लंबित है।

### इसलिए भी राडार में आए सदन लाल गुप्ता

बरही नगर के कोल मुहल्ला बैंक कालोनी क्षेत्र में पानी निकासी की विकराल समस्या हैए बरसात में घरों में पानी घुसने से यहां के रहवासी परेशान रहते है। पानी निकासी के लिए सदनलाल गुप्ता की सटी हुई भूमि से नाली निर्माण का प्रस्ताव लोगो की मांग पर नगर परिषद बरही द्वारा लाया गया, जहां सदनलाल अपनी जमीन से पानी न निकलने के लिए अड़े रहे। एसडीएम प्रिया चंद्रावत नगर परिषद की प्रशासक भी हैए जिनके द्वारा दो बार मौके पर जाकर जायजा भी लिया गया, सदनलाल को समस्या दूर करने के लिए मनाया भी गया, फिर भी वे नही माने, जिसका खामियाजा अब पड़े प्रशासनिक डंडे के रूप में भुगतना पड़ रहा है। कालोनीवासियों ने भी कई दफा कलेक्टर की चौखट में गुहार लगाई थी।

# बोर्ड रिजल्ट सुधारने मेंटरों को जिम्मा, बच्चों को करेंगे प्रेरित

## तिमाही में फिसड्डी रहा दसवीं-बारहवीं का रिजल्ट

**कटनी।** कोरोना संक्रमण से उबरने के बाद अब राज्य सरकार और स्कूल शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां शुरू कर दी है। बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा के बाद अब इन तैयारियां को अमली जामा पहनाने के लिए शिक्षा विभाग जुटा हुआ है। इस साल मार्च के महीने में कोरोना संक्रंमण की दूसरी लहर आने के बाद बोर्ड परीक्षाओं को टालना पड़ा था, लिहाजा इस बार राज्य सरकार ने फरवरी के महीने में बोर्ड परीक्षाएं आयोजित कराने का निर्णय लिया है, जिससे यदि मार्च में संभावित तीसरी लहर की दस्तक होती है तो इसके पहले ही परीक्षाएं संपन्न हो जाएं। यही कारण है कि मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल माशिमं ने दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षाएं 17 व 18 फरवरी से आयोजित कराने का निर्णय लिया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस साल बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहतर करने की कवायद भी शुरू कर दी है। तिमाही परीक्षा का परिणाम बेहतर न होने कारण स्कूल शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षा के परिणाम को सुधारने के लिए मेंटर नियुक्त किए हैं। विदित हो कि कोरोना संक्रमण के कारण इस बार भी पढ़ाई प्रभावित हुई है। इस कारण तिमाही परीक्षा में दसवीं में 51 फीसदी और बारहवीं में करीब 30 फीसदी विद्यार्थी फेल हुए हैं। बोर्ड परीक्षा में करीब ढाई माह का समय है। ऐसे में विभाग परीक्षा परिणाम बेहतर करने की कोशिश में जुट गया है। विभाग ने पिछले तीन सालों से जिन स्कूलों का परिणाम 40 फीसद से कम रहा है, ऐसे स्कूलों को चिन्हित कर वहां पर मेंटर तैनात करने की तैयारी शुरू कर दी है। यह जिम्मेदारी ब्लाक शिक्षा अधिकारी सहित वरिष्ठ शिक्षकों को दी गई है। ये आगामी बोर्ड परीक्षा परिणाम के लिए जवाबदेह भी होंगे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि नवमी से बारहवीं तक की छैमाही परीक्षाएं 29 नवंबर से शुरू हो रही हैं।

**परीक्षाओं की तैयारियों में जुटा शिक्षा विभाग**

### मेंटर्स इस तरह निभाएंगे भूमिका

बताया जाता है कि मेंटर्स को सप्ताह में दो बाद स्कूल में भ्रमण करना होगा। प्राचार्य, शिक्षक और विद्यार्थियों को प्रेरित करेंगे और परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेंगे। हर 15 दिन में प्राचार्य सहित अन्य अधिकारियों की बैठकें आयोजित की जाएंगी। वाट्सएप पर शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से दूसरी से आठवीं कक्षा के शिक्षकों के लिए अंग्रेजी साक्षरता कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण का आयोजन वाट्सएप के जरिए किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक प्राथमिक और माध्यमिक कक्षा के एक.एक शिक्षक को चुना गया है।

### रेमेडियल कक्षाएं लगाई जाएंगी

स्कूलों में दसवीं व बारहवीं कक्षा का पाठ्यक्रम पूरा होने की स्थिति में है। ऐसे में अब दिसंबर से रेमेडियल कक्षाएं लगाई जाएंगी। इन कक्षाओं में नए पैटर्न पर आधारित ब्लू प्रिंट से भी तैयारी कराई जाएगी। जिन विद्यार्थियों का परफार्मेंस खराब होगा, उन्हें अलग से भी पढ़ाया जाएगा।




# गरीबों के राशन पर चोरों ने किया हाथ साफ

## शासकीय उचित मूल्य दुकान का ताला तोड़कर 70 क्विंटल गेहूं चोरी

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुआं में विगत रात्रि किन्हीं अज्ञात चोरों ने गरीबों के राशन पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की वारदात की रिपोर्ट सेल्समैन ने पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और एफआईआर दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के संबंध में बरही पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार बरही थाना क्षेत्र के ग्राम कुआं में शासकीय उचित मूल्य दुकान में विगत रात्रि ताला लगा हुआ था। इसी दौरान रात्रि के समय मौके का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने राशन दुकान का ताला तोड़ा और अंदर घुसकर 70 क्विंटल गेहूं पार कर दिया। दूसरे दिन जब सेल्समेन दुकान पहुंचा तो दुकान का ताला टूटा हुआ देखकर हतप्रभ रह गया। उसने तत्काल इसकी सूचना बरही पुलिस को दी। बरही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।




# एनसीसी डे : छात्राओं ने समझाया ट्रेफिक सेंस

## गर्ल्स कॉलेज से निकली रैली, महिला थाने में समापन

**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी की एनसीसी कैडेट्स द्वारा 73वां एनसीसी ण् दिवस आज 28 नवंबर को उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता के मार्गदर्शन में एनसीसी केयर टेकर नेहा चौधरी के संचालन में ट्राफिक नेट्रोल रैली का आयोजन किया गया, जिसमे एनसीसी केडेट्स द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया। उक्त रैली कन्या महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर सुभाष चौक होते हुये महिला थाने तक गई। यहां रैली का समापन किया गया, तत्पश्चात महिला थाना प्रभारी श्रीमती अंजू शर्मा द्वारा कैडेट्स को ट्रेफिक सुरक्षा नियम की जानकारी दी गई, साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों का ज्ञान भी दिया गया। रैली में समस्त कैडेट्स द्वारा ट्रेफिक सुरक्षा संबंधी नारों का जन साधारण में जागरूक करने का प्रयास किया


## खेत की नरवाई जलाना पड़ा महंगा, कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन करने पर एफआईआर

# जगुआ करेला के 6 किसानों पर मामला

**बरही।** तहसील क्षेत्र बरही के जगुआ ओर करेला गांव के 6 किसानों के खिलाफ कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन करने पर बरही थाना पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। किसानों के खिलाफ अपराध दर्ज होने का कटनी जिले का यह पहला व हटकर प्रकरण होने से चर्चा का विषय बना हुआ है। नरवाई जलाने मामले में बरही पुलिस ने जगुआ निवासी किसान संतोष कुमारए सुरेश कुमारए अमृत लालए शिव प्रसाद वर्मन एवं करेला निवासी सुधीर कुमार गर्ग, राजेन्द्र यादव के खिलाफ कलेक्टर कटनी के आपदा प्रबंधन अधिनियन का उल्लंघन करने पर धारा 188 के तहत मामला दर्ज किया है। इस बारे में टीआई संदीप अयाची ने बताया कि तहसीलदार बरही के प्रतिवेदन पर कलेक्टर के आदेश पर इस तरह की पहली कार्यवाई है।


JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668



।। श्री हरि ।।

देवदर्शन - पुष्पांजलि
हमारे परम श्रद्धेय गौ सेवक आदरणीय बाबूजी श्री कैलाशचंद जी बगड़िया का गोलोकधाम प्रस्थान बुधवार, 17 नवम्बर 2021 को हो गया है।
पावन स्मृति और संस्कार क्रम में
द्वादशा एवं पुष्पांजलि सभा
रविवार, 28 नवम्बर 2021 को सायं 4 बजे राहुल बाग, कटनी में रखी गई है।
।। श्री हरिशरणम् ।।
शोकाकुल :
मधुसूदन बगड़िया, किशोर बगड़िया, कमल बगड़िया
समस्त बगड़िया परिवार एवं परिजन
पुष्पांजलि सभा
रविवार, 28 नवम्बर 2021, सायं 4 बजे
स्थान : राहुल बाग, कटनी



अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें www.yashbharat.com



दुनिया का नं.1 ब्रांड SAMSUNG
UPSIZE NOW
UP To 22.5% Additinal Cash Back 0% Finance Scheme Exchange Offer
Upsize your lifestyle with amazing offers.
Free Sound Bar 9990/- For Selected TVs
आयुष प्लाजा
सेमसंग एक्सक्ल्यूसिव शोरूम
विशाल मेगा मार्ट के पास बरगवां कटनी, मो. 9893366435, 8319908847



देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274



इ्यूरेबल डिज़ाइनर फर्नीचर की फुल रेंज
अब है स्मार्ट फर्नीचर का जमाना
FURNITO
THE FURNITURE HUB...
गौरी शंकर मंदिर के पास, खैबर लाइन, माधव नगर कटनी (म.प्र.)
- Call - 9770037027



रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा।



पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009



CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR | Reliance digital | TRENDS
PLANET FASHION | U-TURN | BOLSA
GALAXY GAME ZONE | City PRIDE Cinema | Food Junction The Food Court
HOTEL GRAND MERIDIAN | FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant | GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com



Katni's No. 1
M. 94258 01294
मंजूश्री LIFESTYLE
कोट सूट।।शेरवानी।।इंडो वेस्टर्न।।ब्लेजर।।कुर्ता जैकेट
MUFTI | BLACKBERRYS | OCTAVE | KILLER
पता- खिरहनी ओव्हरब्रिज के पास हीरागंज, कटनी (म.प्र.) 483501



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)